# कुमार जीवन - 36

**अव्यक्त बापदादा :-**

➽ _ ➽ सभी कुमार फर्स्ट नम्बर में आने वाले हो ना। फर्स्ट नम्बर एक होता है इतने होते हैं? अच्छा फ़र्स्ट डिवीजन में आने वाले हो? फर्स्ट आने वाले की विशेषता क्या होती है, वह जानते हो? **फर्स्ट में आने वाले सदा बाप समान होंगे। समानता ही समीपता लाती है**। समीप अर्थात् समान बनने वाले ही फर्स्ट डिवीजन में आ सकते हैं। तो बाप समान कब तक बनेंगे? जब विजय माला के नम्बर आउट हो जायेंगे फिर क्या करेंगे? कोई डेट फिक्स है? डेट फिक्स कौन-सी करनी है? डेट नहीं लेकिन अब की घड़ी। क्या इसमें मुश्किल है?

➽ _ ➽ कुमारों को कौन सी मुश्किल है? दो रोटी खाना है और बाप की सेवा में लगना है, यही काम है ना। दो रोटी के लिए निमित्त मात्र कोई कार्य करते हो ना। करते हो, **लगाव से तो नहीं करते हो ना!** निमित्त कहने से नहीं होता, कुमार कहने से नहीं करते, स्वतन्त्र हैं।

➽ _ ➽ तो **सदा लक्ष्य रहे बाप समान बनना है। जैसे बाप लाइट है वैसे डबल लाइट। औरों को देखते हो तो कमज़ोर होते हो, सी फ़ादर, फ़ालो फ़ादर करना है। यही सदा याद रखो। स्वयं को सदा बाप की छत्रछाया के अन्दर रखो। छत्रछाया में रहने वाले सदा मायाजीत बन ही जाते हैं। अगर छत्रछाया के अन्दर नहीं रहते, कभी अन्दर कभी बाहर तो हार होती है। छत्रछाया के अन्दर रहने वाले को मेहनत नहीं करनी पड़ती। स्वत: ही सर्व शक्तियों की किरणें उसे माया जीत बनाती हैं**। (09-05-1983)

---

➢➢ सदा बाप की छत्रछाया के अन्दर कैसे रहे ?

➽ _ ➽ सदा बाप की श्रीमत पर चलकर

➽ _ ➽ बाबा के महावाक्यों को बार बार बुधी में घुमाते रहे

→ बाबा को याद करने में और बाबा के महावाक्यों को याद करने में कोई बहुत ज्यादा अंतर नहीं है

➽ _ ➽ छोटे छोटे योग अभ्यास करते रहो

➽ _ ➽ अपना प्रोग्राम / टाइम टेबल बनाओ की

→ याद की यात्रा कब कब और कैसे कैसे करनी है ?

➽ _ ➽ संकल्पों को स्टॉप करने की ट्रैफिक कण्ट्रोल

➽ _ ➽ किसी को व्यक्त स्थिति में बहुत ज्यादा बोलते हुए देखते हो तो

→ **अपनी शांत स्वरुप स्थिति को धारण करो..** इससे

- वातावरण अव्यक्त हो जाएगा
- अनोखेपन का अनुभव होगा
- आपकी स्थिति का प्रभाव दुसरे पर पड़ेगा

➽ _ ➽ बाबा के गीत सुनने से

➳ _ ➳ उससे मांगते नहीं रहना है

→ **सम्पूरण ज्ञान प्राप्त होने के पश्चात अब कुछ और मांगने की आवश्यकता नहीं है**

→ *उसके पास शांति मांगने नहीं जाना है*

- *बल्कि शांत स्वरुप होकर उसके पास जाना है*

---